# एयर पिस्टल में भारत की स्वर्णिम मिश्रित चमक

## अभिनव देशवाल-प्रांजली धुमाल ने डेफलम्पिक्स में मिक्स्ड टीम में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया



**नयी दिल्ली, 19 नवंबर। भारत के निशानेबाज अभिनव देशवाल और प्रांजली धुमाल ने मंगलवार को डेफलम्पिक्स में इतिहास रचते हुए एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।**

दोनों भारतीय निशानेबाजों ने अभूतपूर्व तालमेल और नितांत सटीकता का प्रदर्शन करते हुए न केवल फाइनल में दबदबा बनाया बल्कि पूरे प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन निरंतरता दिखाकर भारत के मेडल टेबल में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। यह जीत भारतीय दल के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह न सिर्फ देश की शूटिंग क्षमता को मजबूती से दर्शाती है, बल्कि बहरे खिलाड़ियों के वैश्विक मंच पर भारत की उभरती शक्ति का भी प्रतीक है।प्रतियोगिता के फाइनल में भारतीय जोड़ी ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि वे खिताब के प्रमुख दावेदार हैं। शुरुआती राउंड में ही उन्होंने शानदार बढ़त हासिल कर ली, जिसका दबाव प्रतिद्वंद्वी टीम संभाल नहीं सकी। दोनों निशानेबाजों ने अपनी लय बनाए रखते हुए निर्णायक क्षणों में एक भी महत्वपूर्ण शॉट नहीं गंवाया।

> खेल विशेषज्ञों के अनुसार, विशेष रूप से निर्णायक दौर में प्रांजली धुमाल की स्थिरता और देशवाल की आक्रामक सटीकता प्रतियोगिता का निर्णायक मोड़ बनी। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष वरीयता हासिल की थी। इस प्रदर्शन ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि प्रतियोगिता में अन्य टीमों पर भी मनोवैज्ञानिक दबाव पैदा किया। फाइनल मुकाबले में प्रवेश के साथ ही निशानेबाजों पर अपेक्षाओं का भार भी बढ़ गया था, लेकिन दोनों एथलीटों ने इस दबाव को सकारात्मक ऊर्जा में बदलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



# सेमीफाइनल में भारत

**राइजिंग स्टार्स एशिया कप**

- सुयश शर्मा की घातक गेंदबाज़ी
- हर्ष दुबे ने खेली नाबाद 53 की पारी
- भारत ने किया नॉकआउट सुरक्षित

**नई दिल्ली 19 नवम्बर.** भारत ए ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में अपने अभियान को शानदार अंदाज़ में आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को दोहा के वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ओमान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस जीत में भारतीय गेंदबाज़ों की अनुशासित गेंदबाज़ी और शीर्ष क्रम की सूझबूझ भरी बल्लेबाज़ी दोनों का संतुलित योगदान रहा। ओमान की टीम पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 135/7 तक ही पहुंच सकी, जिसके जवाब में भारत ए ने 17.5 ओवर में 138/4 बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत से भारत ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर पहुँच गया और सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया।

**भारत ने की तेज शुरुआत**

भारत की शुरुआत तेजी से हुई। प्रियांश आर्य ने शुरुआती ओवरों में दो आकर्षक चौके लगाए, लेकिन जल्द ही 10 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे छोर से युवा वैभव सूर्यवंशी ने अपनी क्षमता दिखाते हुए 12 रन बनाए, लेकिन वह भी ओवर द टॉप खेलने की कोशिश में कैच आउट हो गए। इसके बाद नमन धीर ने 19 गेंदों पर 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए दबाव पूरी तरह हटाया। इसके बाद हर्ष दुबे ने जिम्मेदारी निभाते हुए धैर्य और आक्रामकता दोनों का संतुलन बनाकर रखा। दुबे ने 44 गेंदों पर नाबाद 53 रन बनाए और पूरे रन चेज़ में भारत को स्थिरता दी।

# दूसरे दौर में लक्ष्य, प्रणय और किदांबी श्रीकांत

**सिडनी, 19 नवंबर लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

- ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन 2025

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज़्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी।



> इसके विपरीत, आयुष शेट्टी को कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 के प्रभावशाली स्कोर से हराने में मात्र 33 मिनट लगे।

# एफआईएच कोच ऑफ द ईयर चुने गए एलिसन और मैक्स

**लुसाने (स्विट्जरलैंड),19 नवम्बर** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने एलिसन अन्नान (महिला) और मैक्स काल्डास (पुरुष) को प्रतिष्ठित एफआईएच कोच ऑफ द ईयर 2025 चुना है।

एलिसन अन्नान ने पिछले कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक का नेतृत्व किया है, क्योंकि उनके नेतृत्व में, चीनी महिला हॉकी टीम लगातार बेहतर होती जा रही है। 2025 में चीनी महिला टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता रहा और उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के साथ-साथ महिला एशिया कप गोंगशु 2025 में भी उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, वहीं मैक्स काल्डास (मुख्य कोच, स्पेन) मैक्स काल्डास ने स्पेनिश पुरुष हॉकी टीम को हाल के वर्षों में उनके सबसे सफल और प्रभावशाली सीजन में से एक तक पहुंचाया है। अनुभव और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण करते हुए, स्पेन ने आत्मविश्वास से भरी आक्रामक शैली का प्रदर्शन किया और प्रमुख प्रतियोगिताओं में सामरिक परिपक्वता का प्रदर्शन किया.

# डैरिल मिचेल ने ली रोहित की जगह

- कीवी खिलाड़ी मिचेल वन-डे रैंकिंग में शीर्ष पर
- द. अफ्रीकी कप्तान बवूमा टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पांच में
- गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर कायम



**दुबई, 19 नवंबर** आईसीसी वनडे रैंकिंग में डैरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान पर रोहित शर्मा की जगह ली है। मिचेल शीर्ष स्थान हासिल करने वाले न्यूज़ीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। मिचेल ने शीर्ष स्थान रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया। हालांकि वह उस मुक़ाबले में चोटिल हो गए और शेष सीरीज से बाहर हो गए। कोलकाता टेस्ट में अर्धशतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बवूमा को भी टेस्ट रैंकिंग में फ़ायदा हुआ है और वह पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे हैं।

> टेस्ट गेंदबाज़ी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह शीर्ष स्थान पर मौजूद हैं जबकि मैट हेनरी और नोमान अली क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के ख़िलाफ 3-0 से वनडे सीरीज नाम करने के बाद पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 11 स्थान का फ़ायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाज़ी रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राशिद ख़ान शीर्ष स्थान पर काबिज हैं

जो रूट इस समय पहले स्थान पर हैं जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर मौजूद हैं।

# तमिलनाडु ने एम वेंकटरमन्ना को बनाया मुख्य कोच

**चेन्नई 19 नवंबर** रणजी ट्रॉफी के चार राउंड के बाद, एक भी जीत नहीं हासिल कर पाई तमिलनाडु की टीम ने अपने कोचिंग स्टाफ में आमूलचूल बदलाव करते हुए बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर एम वेंकटरमन्ना को एम सेंतिलनाथन की जगह सीमित ओवर टीमों का प्रमुख कोच बनाया गया है। हालांकि सेंतिलनाथन, रणजी सीजन के शेष बचे मैचों के लिए कोच बने रहेंगे, जो कि विजय हजारे ट्रॉफी के बाद जनवरी में आखिरी दो राउंड के मैचों के लिए फिर से शुरू होगा। तमिलनाडु इस समय ग्रुप ए के निचले हिस्से में हैं, जहां उनके नीचे सिर्फ ओडिशा और नागालैंड हैं।

# रिंकू का कॅरियर का बेस्ट शतक, यूपी ने ली बढ़त

## उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर पहली पारी की बढ़त हासिल की और मैच ड्रॉ रहा

**नई दिल्ली 19 नवम्बर. रिंकू सिंह ने कोयंबटूर में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पाँचवें दौर के मुकाबले में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की धुआंधार और जिम्मेदार पारी खेलकर उत्तर प्रदेश को तमिलनाडु के विरुद्ध पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।**

**पी विद्युत ने चार विकेट लिए**

**तमिलनाडु की नॉकआउट उम्मीदें धुंधली**

उनकी इस अद्भुत पारी ने न केवल टीम को 455 के विशाल स्कोर के करीब पहुंचाया बल्कि दबाव में भी संयम और धैर्य के साथ बल्लेबाज़ी करने की उनकी क्षमता को एक बार फिर साबित किया। मैच अंततः ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश ने बढ़त के आधार पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए, जबकि तमिलनाडु को एक अंक से संतोष करना पड़ा। चौथे और अंतिम दिन उत्तर प्रदेश ने छह विकेट पर 339 रनों से अपनी पारी आगे बढ़ाई। रिंकू सिंह पिछली रात 98 पर नाबाद थे और टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी 117 रन और चाहिए थे, जबकि चार विकेट शेष थे। ऐसे हालात में रिंकू पर जिम्मेदारी दोहरी थी — एक ओर टीम को बचाना और दूसरी ओर तमिलनाडु के कुल स्कोर के करीब पहुंचना। सुबह के शुरुआती ओवरों में ही शिवम शर्मा (22) पवेलियन लौट गए, जिससे मेहमान टीम पर दबाव और बढ़ गया। लेकिन रिंकू ने शांत दिमाग से बल्लेबाज़ी जारी रखी। उन्होंने आठवें विकेट के लिए कार्तिक यादव (20) के साथ 59 रन की बेहद अहम साझेदारी की।



## एक नजर में



### डेविस कप के सेमीफाइनल में बेल्जियम

**बोलोग्ना (इटली).** बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज़्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया। मौटेट द्वारा पहला सेट जीतने के बाद मुकाबला काफी कड़ा हो गया, दूसरे और तीसरे सेट में पांच -पांच गेम तक चले, आखिरकार कॉलिग्नन ने फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर हर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। इसके बाद ज़िज़ो बर्ग्स ने आर्थर रिंडरकनेच के खिलाफ संयमित प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम के लिए मुकाबला जीत लिया। बर्ग्स ने शुरुआत में ही ब्रेक लगाकर 3-1 की बढ़त बना ली, जो उन्हें पहले सेट तक ले गए। दूसरे सेट में, बेल्जियम के खिलाड़ी ने सर्विस करके 5-4 के स्कोर पर ब्रेक की स्थिति बनाई, लेकिन जीत पक्की नहीं कर सके। सर्विस पर वापसी करते हुए, दूसरे सेट का फैसला अंततः टाई-ब्रेक से हुआ, जिसमें बर्ग्स ने 7-4 से जीत हासिल की।

### एनगिडी दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल



**गुवाहाटी.** दक्षिण अफ्रीका ने भारत के ख़िलाफ गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को अपने दल में शामिल किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि उनके प्रमुख तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अभी पूरी तरह से फ़िट नहीं हुए हैं, जो कि पसलियों की चोट के कारण कोलकाता टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। इस दौरे पर टीम के दूसरे तेज गेंदबाज़ी विकल्प मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश और वियान मुल्डर हैं। एनगिडी अब तक अपने करियर में 20 टेस्ट खेल चुके हैं, लेकिन जनवरी 2024 में भारत के ख़िलाफ केपटाउन टेस्ट का हिस्सा बनने के बाद सिर्फ़ तीन ही टेस्ट खेल पाए हैं। उनका आख़िरी लाल गेंद का मैच जून में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फ़ाइनल था, जहां दक्षिण अफ्रीका विजेता बनकर उभरी थी।

# 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में स्कॉटलैंड

**बर्लिन, 19 नवंबर स्कॉटलैंड ने क्वालीफाइंग के अंतिम दिन, डेनमार्क पर 4-2 की नाटकीय जीत के साथ फीफा विश्व कप में प्रवेश करने के 28 साल के इंतज़ार को खत्म कर दिया। स्कॉटलैंड ने मैच के अंतिम समय में दो गोल दागे।**

- अंतिम समय में दो गोल कर डेनमार्क को हराया

मंगलवार को, मेजबान टीम ने हैम्पडेन पार्क में शानदार शुरुआत की और स्कॉट मैकटोमिने के शानदार ओवरहेड किक से तीन मिनट के अंदर ही गोल कर बढ़त बना ली। हालांकि, डेनमार्क ने संयम बनाए रखा, गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके बनाए। दूसरे हाफ में उन्हें इसका फ़ायदा तब मिला जब रैसमस होजलुंड ने क्षेत्र में वीएआर द्वारा पुष्टि किए गए फ़ाउल के बाद पेनल्टी को गोल में बदल दिया। स्कॉटलैंड ने 61वें मिनट में डेनमार्क के डिफेंडर रैसमस क्रिस्टेंसन को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने पर बढ़त हासिल कर ली। स्थानापन्न लॉरेंस शैंकलैंड ने नजदीकी रेंज से गोल करके बढ़त हासिल कर ली, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पैट्रिक डोर्गू ने संयमित पासिंग मूव के बाद एक मजबूत साइड-फ़ुट स्ट्राइक के साथ बराबरी कर ली। बढ़ते तनाव और थकान के साथ, स्कॉटलैंड ने आखिरी क्षणों में निर्णायक बढ़त हासिल की। कीरन टियरनी ने गोलकीपर कैस्पर श्माइचेल के ऊपर से बाएं पैर से किया गया एक गोल करके स्टेडियम में सनसनी फैला दी। अंतिम सेकंड में, जब डेनमार्क हताशा में आगे बढ़ रहा था, केनी मैकलीन ने हाफवे लाइन से श्माइचेल को छकाकर उनकी हाईलाइन को कड़ी टक्कर दी और जीत पक्की कर दी।



# पाकिस्तान पांच विकेट से जीता

**रावलपिंडी, 19 नवंबर** 'प्लेयर ऑफ द मैच' मोहम्मद नवाज (दो विकेट और नाबाद 22 रन) और फखर जमान (44) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने टी-20 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।

जिम्बाब्वे के 147 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर ब्रैड एवंस ने साहिबजादा फरहान (16) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर बाबर आजम (शून्य) को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे को दोहरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में टी मपोसा ने कप्तान आगा सलमान (एक) को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। 10वें ओवर में सैम अयूब (22) रन बनाकर आउट हुये। 54 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी पाकिस्तान को फखर जमान और उस्मान खान की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई।

- टी-20 सीरीज में जिम्बाब्वे पर जीत
- मोहम्मद नवाज चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच

**एक दिवसीय मैच** | **भारत ए 73 रनों से हारा लेकिन सीरीज 2-1 से अपने नाम की**

# दक्षिण अफ्रीका-ए की भारत-ए पर धमाकेदार जीत

**राजकोट, 19 नवंबर** राजकोट में खेले गए तीसरे और अंतिम अनौपचारिक एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ए ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए भारत ए को 73 रनों से हरा दिया। हालांकि भारत ए ने इससे पहले दो मैच जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली, लेकिन तीसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी दोनों ही विभागों में भारी बढ़त देखने को मिली।

- मूनसामी और प्रेटोरियस के शतक
- एन पीटर ने झटके चार विकेट

मैच की बुनियाद दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज़ों—रिवाल्डो मूनसामी और लुआन-ड्रे प्रेटोरियस—ने रखी, जिन्होंने पहले विकेट के लिए 241 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाज़ों को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद गेंदबाज़ी में एन पीटर ने 4 और टी मोरेकी 3 ने भारतीय बल्लेबाज़ों पर शुरुआत से अंत तक दबाव बनाए रखा, जिसके चलते भारत ए की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 49.1 ओवर में 252 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ए ने टॉस हारने के बावजूद पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पूरी योजना के साथ शुरुआत की। मूनसामी और प्रेटोरियस ने शुरुआत से ही स्ट्राइक रोटेट करते हुए समय के साथ अपनी लय पकड़ी। दोनों बल्लेबाज़ों ने भारतीय पेस अटैक को जमकर खेलने के साथ-साथ गलत गेंदों को बाउंड्री लाइन के पार भेजने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत ए की ओर से खलील अहमद और प्रसिद्ध कृष्णा नई गेंद लेकर आए, लेकिन दोनों गेंदबाज़ शुरुआती सफलता हासिल नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका ने बिना जोखिम लिए स्कोरबोर्ड को लगातार आगे बढ़ाया। मूनसामी ने अपनी पारी में 130 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौके और दो छक्के लगाए, जबकि प्रेटोरियस ने 98 गेंदों में नौ चौके और छह छक्कों की मदद से 123 रन बनाए। यह साझेदारी भारतीय गेंदबाज़ों के लिए बेहद थकाऊ साबित हुई। जैसे-जैसे दोनों बल्लेबाज़ सेट हुए, भारतीय कप्तान तिलक वर्मा के पास सीमित विकल्प ही बचे। स्पिनर को लाने के बावजूद रनगति पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

